दिनांक–17.06.2024– सोमवार　　　　　　　　　　समय–2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

पीएम– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00–11–78 00 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। यह आकाशवाणी समाचार, डी.डी.न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम प्रादेशिक भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

....

पौध रोपण

पौध रोपण वर्षाकाल में हरियाली अमावस्या तक प्रदेश में कुल साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल गंगा दशमी के अवसर पर उज्जैन के रामघाट पर आयोजित दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन अवसर पर ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश की नदियां एवं जलाशय और अन्य जल स्त्रोत संरक्षित होकर प्रदूषणमुक्त रहें। प्रदेश में चले जल गंगा संवर्धन अभियान में 5 जून से आज तक 28 करोड़ लागत से शहरी क्षेत्र में 2700 से अधिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 26 करोड़ रुपये लागत से 2300 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार हुआ है। उज्जैन के शहरी क्षेत्र की जल संरचना का भी सुधार कार्य हुआ है, जिसके बाद वह सुन्दर नजर आयेगी। प्रदेश में 212 नदियों का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया है, जिसमें उद्गम से लेकर अन्तिम छोर तक संरक्षण का कार्य किया जायेगा।

....

ईद–उल–अजहा

ईद–उल–अजहा यानी बकरीद आज मनायी जा रही है। इस अवसर पर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जा रही है। भोपाल की ताजुल सहित कई मस्जिदों में नमाज हो रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद के पवित्र मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईद–उज–अजहा त्याग और बलिदान का त्योहार है जो लोगों को अपनी खुशियां सभी के साथ बांटने का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी देशवासियों से विशेषकर वंचित वर्ग के लोगों के लाभ के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से एकता, दया भाव और एकजुटता के मूल्यों पर विचार करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ईद–उज–अजहा का यह अवसर समाज में सद्भाव और एकजुटता के बंधन को और मजबूत करेगा। साथ ही उन्होंने सभी के खुश और स्वस्थ रहने की कामना की।

....

रेल हादसा

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस के एक मालगाड़ी से टकराने से आठ लोगों की मृत्यु हो गई और करीब 50 अन्य घायल हो गये। घायलों को उत्तरी बंगाल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना आज सुबह न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा ने कहा है कि रेल दुर्घटना का बचाव अभियान पूरा हो गया है। श्रीमती जया ने कहा कि सिग्नल की अनदेखी करने वाले मालगाडी के चालक और कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की मृत्यु हो गई है।

....

मौसम

प्रदेष में मॉनसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। आज तड़के राजधानी भोपाल, सीहोर, रायसेन समेत कई जिलों में तेज हवा चलने के साथ ही गरज–चमक के साथ तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल प्रदेश में प्री–मानसून एक्टिविटी जारी रहेगी। कल भी कई जिलों में पानी गिरा, वहीं कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। उधर, सतना जिले का चित्रकूट सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज कई जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। गुना, मऊगंज, सतना, निवाड़ी, मैहर, शिवपुरी, ग्वालियर, सीधी, रीवा, उमरिया, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

– मध्य प्रदेश तैराकी संघ द्वारा 9 से 12 जून तक ग्वालियर में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में नीमच जिले के 29 खिलाड़ियों ने कुल 85 मेडल जीते। जिला कलेक्टर ने आज इन खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। •

– आगरमालवा जिले में अपाराधियों की धरपकड़ के लिये पुलिस द्वारा चलाये गए नाइट कॉम्बिंग ऑपरेषन में पुलिस ने 79 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

छोपहर समाचार समाप्त हुए।

....